इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 1] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 4 जनवरी 2013—पौष 14, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-425-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री मनोज गोयल, आयएएस., प्रशासकीय सदस्य, राजस्व मण्डल, ग्वालियर को दिनांक 14 से 28 नवम्बर 2012 तक पन्द्रह दिन का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मनोज गोयल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रशासकीय सदस्य, राजस्व मण्डल, ग्वालियर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मनोज गोयल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनोज गोयल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2012

क्र. ई.-1-425-2012-5-एक.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 4 दिसम्बर 2012 की तालिका-1 के अनुक्रमांक-2, जिसके द्वारा श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, भाप्रसे (1992), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं पदेन अपर विकास

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

आयुक्त को प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम पदस्थ किया गया है, को एतद्द्वारा संशोधित करते हुए अब उन्हें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त, महिला सशक्तीकरण तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम 9 के अन्तर्गत आयुक्त, महिला सशक्तीकरण के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-II में सम्मिलित संभागीय कमिश्नर के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

(3) उपरोक्त पद-1 के अनुक्रम में श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव द्वारा आयुक्त महिला सशक्तीकरण तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. मनोहर अगनानी, भाप्रसे (1993), आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा, मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण तथा आयुक्त, महिला सशक्तीकरण तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम केवल आयुक्त, महिला सशक्तीकरण तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 10 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-370-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 नवम्बर 2012 द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर 2012 से 11 जनवरी 2013 तक उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत दिनांक 23 दिसम्बर 2012 एवं 12, 13 जनवरी 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया है तथा अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री एम. एम. उपाध्याय, आयएएस., कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, सौंपा गया है.

(2) श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग के दिनांक 10 दिसम्बर 2012 से अवकाश पर जाने के फलस्वरूप उनके अवकाश से लौटने तक की अवधि में गृह विभाग का प्रभार श्री एम.एम. उपाध्याय, आयएएस., कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-838-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मनोहर लाल दुबे, आयएएस., कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) तथा डीएमआई एवं पदेन उपसचिव, लोक सेवा प्रबंधन विभाग को दिनांक 10 से 24 दिसम्बर 2012 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मनोहर लाल दुबे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) तथा डीएमआई एवं पदेन उपसचिव, लोक सेवा प्रबंधन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मनोहर लाल दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनोहर लाल दुबे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 12 दिसम्बर 2012

क्र. ई. 1-431-2012-5-एक.—डॉ. देवराज बिरदी, भाप्रसे (1982), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-356-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती स्नेहलता कुमार, विकास-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को दिनांक 3 से 11 दिसम्बर 2012 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2 दिसम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती स्नेहलता कुमार को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विकास-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती स्नेहलता कुमार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती स्नेहलता कुमार अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-369-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग को दिनांक 31 दिसम्बर 2012 से 5 जनवरी 2013 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है, तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 6 जनवरी 2013 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा की अवकाश अवधि में श्रीमती अजिता बाजपेई पाण्डे, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती अजिता बाजपेई पाण्डे, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अन्टोनी जे.सी. डिसा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-524-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजय कुमार सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 26 दिसम्बर 2012 से 9 जनवरी 2013 तक पन्द्रह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ-साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री संजय कुमार सिंह की अवकाश अवधि में श्री रजनीश वैश्य, आयएएस., विकअ-सह-सदस्य (पुनर्वास) नर्मदा घाटी विकास तथा उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्कूल शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय कुमार सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय कुमार सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री रजनीश वैश्य स्कूल शिक्षा विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय कुमार सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय कुमार सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-607-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सी. गुप्ता, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल को दिनांक 28 दिसम्बर 2012 से 1 जनवरी 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. गुप्ता को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. सी. गुप्ता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. गुप्ता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-727-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद कटेला, आयएएस., अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग को दिनांक 17 से 27 दिसम्बर 2012 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद कटेला को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद कटेला को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद कटेला अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-775-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. सेलवेन्द्रन, आयएएस., कलेक्टर, जिला सिंगरौली को दिनांक 26 दिसम्बर 2012 से 11 जनवरी 2013 तक सत्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2012 एवं 12, 13 जनवरी 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री एम. सेलवेन्द्रन की अवकाश की अवधि में श्री नंदकुमारम्, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सिंगरौली को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला सिंगरौली का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एम. सेलवेन्द्रन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला सिंगरौली के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एम. सेलवेन्द्रन द्वारा कलेक्टर जिला सिंगरौली का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री नंदकुमारम् कलेक्टर जिला सिंगरौली के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एम. सेलवेन्द्रन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. सेलवेन्द्रन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-903-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय, आयएएस., कलेक्टर, जिला उमरिया को दिनांक 24 से 29 दिसम्बर 2012 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 23 एवं 30 दिसम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अमित तोमर, भाप्रसे (2009) द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उमरिया का कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय की अवकाश अवधि में अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला उमरिया का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला उमरिया के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय द्वारा कलेक्टर जिला उमरिया का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अमित तोमर, कलेक्टर जिला उमरिया के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-570-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अजीत केसरी, आयएएस., आयुक्त, पुनर्वास एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को दिनांक 14 से 20 दिसम्बर 2012 तक सात दिन एवं दिनांक 31 दिसम्बर 2012 से 11 जनवरी 2013 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ 30 दिसम्बर 2012 एवं 12, 13 जनवरी 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अजीत केसरी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, पुनर्वास एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अजीत केसरी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजीत केसरी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-768-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संदीप यादव, आयएएस., कलेक्टर, जिला गुना को दिनांक 22 से 29 दिसम्बर 2012 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 30 दिसम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री संदीप यादव की अवकाश की अवधि में श्री आर. एस. रावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, गुना को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला गुना का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संदीप यादव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला गुना के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संदीप यादव द्वारा कलेक्टर जिला गुना का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आर. एस. रावत, कलेक्टर, जिला गुना के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संदीप यादव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संदीप यादव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-835-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री कवीन्द्र कियावत, आयएएस., कलेक्टर, जिला सीहोर को दिनांक 20 से 31 दिसम्बर 2012 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री कवीन्द्र कियावत की अवकाश अवधि में श्री एस. एस. बघेल, अपर कलेक्टर, जिला सीहोर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला सीहोर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री कवीन्द्र कियावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला सीहोर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री कवीन्द्र कियावत द्वारा कलेक्टर जिला सीहोर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. एस. बघेल, कलेक्टर, जिला सीहोर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री कवीन्द्र कियावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कवीन्द्र कियावत अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-917-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री सौरभ कुमार सुमन, आयएएस., सहायक कलेक्टर, जिला जबलपुर को दिनांक 29 नवम्बर से 7 दिसम्बर 2012 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सौरभ कुमार सुमन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सहायक कलेक्टर, जिला जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री सौरभ कुमार सुमन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सौरभ कुमार सुमन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 18 दिसम्बर 2012

क्र. ई. 1-439-2012-5-एक.—श्री पंकज राग भाप्रसे (1990), आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व एवं संग्रहालय को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग घोषित किया जाता है तथा उन्हें न्यासी सचिव, भारत भवन का प्रभार भी सौंपा जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री पंकज राग द्वारा न्यासी सचिव, भारत भवन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री बी.पी. सिंह, भाप्रसे (1984), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग एवं संस्कृति विभाग तथा न्यासी सचिव, भारत भवन, केवल न्यासी सचिव, भारत भवन के प्रभार से मुक्त होंगे.

क्र. ई-5-895-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. मसूद अख्तर, आयएएस., कलेक्टर जिला सीधी को दिनांक 24 से 29 दिसम्बर 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 23 एवं 30 दिसम्बर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) डॉ. मसूद अख्तर की अवकाश की अवधि में श्री बी.बी. श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर, जिला सीधी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला सीधी का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. मसूद अख्तर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला सीधी के पद पुनः पर पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. मसूद अख्तर द्वारा कलेक्टर जिला सीधी का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री बी. बी. श्रीवास्तव, कलेक्टर, जिला सीधी के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. मसूद अख्तर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. मसूद अख्तर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

क्र. ई. 1-407-2012-5-एक.—श्री भरत यादव, भाप्रसे (2008), उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा परियोजना संचालक, प्रोजेक्ट उदय के दिनांक 19 दिसम्बर 2012 से 1 जनवरी 2013 तक अर्जित अवकाश पर रहने की अवधि में, श्री संजय कुमार शुक्ला, भाप्रसे (1994), आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, परियोजना संचालक, प्रोजेक्ट उदय का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-777-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अशोक कुमार शिवहरे, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 19 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2012 तक, सत्रह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अशोक कुमार शिवहरे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अशोक कुमार शिवहरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक कुमार शिवहरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-850-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. एम. शर्मा, आयएएस., कलेक्टर, जिला उज्जैन को दिनांक 26 दिसम्बर 2012 से 5 जनवरी 2013 तक, ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2012 एवं 6 जनवरी 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री बी. एम. शर्मा की अवकाश की अवधि में श्री विकास नरवाल, भाप्रसे, अपर कलेक्टर, जिला उज्जैन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला उज्जैन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. एम. शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला उज्जैन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. एम. शर्मा द्वारा कलेक्टर, जिला उज्जैन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री विकास नरवाल, कलेक्टर, जिला उज्जैन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. एम. शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. एम. शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर 2012

क्र. ई. 5-370-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, आयएएस, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 नवम्बर 2012 द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर 2012 से 11 जनवरी 2013 तक, उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 22 दिसम्बर 2012 से 11 जनवरी 2013 तक, इक्कीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13 जनवरी 2013 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसख्यक आदेश दिनांक 12 नवम्बर 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई-5-477-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राधेश्याम जुलानिया, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग को दिनांक 24 से 29 दिसम्बर 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री राधेश्याम जुलानिया की अवकाश की अवधि में श्री के. के. सिंह, आयएएस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, जल संसाधन विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री राधेश्याम जुलानिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री राधेश्याम जुलानिया द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. के. सिंह, जल संसाधन विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री राधेश्याम जुलानिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राधेश्याम जुलानिया अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-575-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री एस. एन. मिश्रा, आयएएस.,तत्का. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 जुलाई 2012 द्वारा दिनांक 25 जुलाई से 7 अगस्त 2012 तक, चौदह दिन के स्वीकृत लघुकृत अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 8 अगस्त से 5 नवम्बर 2012 तक नब्बे दिन लघुकृत अवकाश, कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री एस. एन. मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एन. मिश्रा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-726-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री आर. के. श्रीवास्तव, आयएएस., आयुक्त, जनसम्पर्क एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनसंपर्क विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल को दिनांक 28 दिसम्बर 2012 से 2 जनवरी 2013 तक, छः दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री आर. के. श्रीवास्तव की अवकाश की अवधि में उनका प्रभार श्री मनोज श्रीवास्तव, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनसंपर्क विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आर. के. श्रीवास्तव द्वारा आयुक्त, जनसम्पर्क एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनसंपर्क विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मनोज श्रीवास्तव उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आर. के. श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-802-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. ए. खण्डेलवाल, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्यापैथी, भोपाल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 7 सितम्बर 2012 द्वारा दिनांक 24 से 29 सितम्बर 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है, में आंशिक संशोधन करते हुए उन्हें अब दिनांक 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2012 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 2 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसख्यक आदेश दिनांक 7 सितम्बर 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई-5-837-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सुनीता त्रिपाठी, आयएएस., अपर परियोजना संचालक, माध्यमिक शिक्षा अभियान, भोपाल को दिनांक 4 से 7 सितम्बर 2012 तक चार दिन अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 8 एवं 9 सितम्बर 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सुनीता त्रिपाठी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर परियोजना संचालक, माध्यमिक शिक्षा अभियान, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती सुनीता त्रिपाठी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सुनीता त्रिपाठी अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 21 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-900-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आनंद कुमार शर्मा, आयएएस., कलेक्टर जिला विदिशा को दिनांक 9 से 31 दिसम्बर 2012 तक तेईस दिन का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री आनंद कुमार शर्मा की अवकाश की अवधि में श्री शशि भूषण सिंह, राप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, विदिशा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला विदिशा का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आनंद कुमार शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला विदिशा के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आनंद कुमार शर्मा द्वारा कलेक्टर जिला विदिशा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शशि भूषण सिंह, कलेक्टर, जिला विदिशा के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आनंद कुमार शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आनंद कुमार शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 22 दिसम्बर 2012

क्र. ई-5-326-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. सिंघई, आयएएस., अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को दिनांक 27 दिसम्बर 2012 से 2 जनवरी 2013 तक, सात दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. सिंघई को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. सिंघई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. सिंघई अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-3-5-2012-एक-4.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, नगरपालिका परिषद्, पीथमपुर, जिला धार के आम निर्वाचन 2012 हेतु मतदान दिनांक 17 दिसम्बर 2012 सोमवार को जिले के संबंधित क्षेत्र में सामान्य अवकाश घोषित करता है.

(2) उक्त दिनांक को केवल संबंधित क्षेत्र के लिये पराक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट), 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमर सिंह चंदेल, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-ए-5-16-2012-एक(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री अनिल कुमार शर्मा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर, खण्डपीठ, ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	दि. 16-10-2012 से 19-10-2012 तक.	4 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश	अवकाश के पूर्व में दिनांक 13-10-2012 से 15-10-2012 तक तथा अवकाश के पश्चात् दिनांक 20-10-2012 से 28-10-2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

क्र. एफ-ए-5-27-2012-एक(1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस. एस. केमकर, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, इन्दौर, खण्डपीठ, इन्दौर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	दि. 29-8-2012 से 5-9-2012 तक.	8 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश	-

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

क्र. ई. 5-667-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री पी. के. पाराशर, आयएएस., कमिश्नर, इन्दौर संभाग, इन्दौर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 5 दिसम्बर 2012 द्वारा दिनांक 10 से 14 दिसम्बर 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश दिनांक 8, 9 एवं 15, 16 दिसम्बर 2012 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. बातव, अवर सचिव ''कार्मिक''.

सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-11-127-2012-सूअप्र-एक-9.—राज्य शासन, एतद्द्वारा माननीय श्री इकबाल अहमद, मुख्य सूचना आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल को निम्नानुसार आकस्मिक अवकाश एवं एल. टी. सी. की यात्रा की अनुमति प्रदान करता है.

आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति

दिनांक 10, 11 दिसम्बर, 2012 को पूर्ण दिवस एवं 12 दिसम्बर 2012 को आधे दिवस (कुल ढाई दिवस)

एल. टी. सी. की यात्रा की अनुमति

1. दिनांक 16 अक्टूबर 2012 भोपाल से मुम्बई
2. दिनांक 15 नवम्बर 2012 मुम्बई से भोपाल
3. दिनांक 8 दिसम्बर 2012 भोपाल से लखनऊ
4. दिनांक 12 दिसम्बर 2012 लखनऊ से भोपाल

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रभा अग्रवाल, अवर सचिव.

वित्त विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2012

क्र. एफ. 09-05-2011-नियम-चार.—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 25 जुलाई 2012 से दो वर्षों के लिये पेंशनर कल्याण मण्डल का पुनर्गठन किया गया है. अतः, राज्य शासन, एतद्द्वारा मण्डल की कार्यकारिणी समिति निम्नानुसार मनोनीत करता है :—

(1)	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.	अध्यक्ष
(2)	श्री कालूराम पथिक, सेवानिवृत्त शिक्षक, दुर्गा चौक, तलैया रोड (सिटी कोतवाली के पीछे) विदिशा.	सदस्य
(3)	डॉ. एल.पी. पाण्डेय, सेवानिवृत्त सहायक सर्जन, पशु पालन विभाग, 101/ए पार्श्वनाथ नगर, केशरबाग, रोड, इन्दौर, म. प्र.	सदस्य
(4)	श्री ज्ञान प्रकाश तिवारी, सेवानिवृत्त अधीक्षक, सिंचाई विभाग, 89 वैशाली नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल म. प्र.	सदस्य
(5)	संचालक, पेंशन, मध्यप्रदेश भोपाल	सदस्य/ संयोजक.

2. कार्यकारिणी का मुख्य कार्य पेंशनर कल्याण कोष से इलाज के लिये सहायता की समीक्षा करना है.

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 1(सी) 16-2012-ई-चार.—मध्यप्रदेश स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 (क्रमांक 43 सन् 1973) की धारा 21 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा उक्त अधिनियम की अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है:—

संशोधन

उक्त सूची के मद "क" विश्वविद्यालय में क्रमांक 20 के बाद निम्नलिखित मदें जोड़ी जायें :—

"21. मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर"

"22. अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल"

निकाय के अंकेक्षण शुल्क की दरें वही होंगी जो शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जावें.

No. F-1 (C) 16-2012-E-IV.—In exercise of powers conferred by the sub-section (3) of Section 21 of the Madhya Pradesh Sthaniya Nidhi Sampariksha Adhiniyam, 1973 (43 of 1973), the State Government, hereby makes the following further amendment in the schedule of the said Adhiniyam :—

"AMENDMENT"

In the said Schedule After Sr. No. 20 of the item "A" UNIVERSITIES the following serial number 21 and 22 shall be added namely:—

"21. Madhya Pradesh Aayurvigyan Vishwavidhyalaya, Jabalpur".

"22. Atal Bihari Bajpai Hindi Vishwavidhyalaya Bhopal."

Audit fees for the institutes would be levied as fixed by the Government from time to time.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनीष रस्तोगी, सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-11-05-2006-उन्तीस-2.—मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरेण्डम एण्ड आर्टिकल्स आफ एसोसिएशन के आर्टिकल्स-81 (ए) (सी) एवं (डी) के अनुसरण में, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री पी. सी. मीणा, तत्कालीन आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, भोपाल के स्थान पर श्री मनीष श्रीवास्तव, आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, भोपाल को मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मण्डल में संचालक मनोनीत करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. चन्देल, उपसचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर, 2012

क्र. एफ-03-26-2009-दो-ए(3)-**शुद्धिपत्र**.—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 24 जून 2009 के तहत कृषि विभाग के अधिकारियों के लिये सम्पन्न विभागीय परीक्षा के प्रश्न-पत्र लेखा प्रथम में जबलपुर संभाग से सम्मिलित सुश्री रंजना शर्मा अंकित है, के स्थान पर श्रीमती रचना शर्मा, सहायक संचालक पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमला उपाध्याय, अवर सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 26 दिसम्बर 2012

क्र. एफ 1(ए) 20-06-ब-2-दो.—श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (सी), विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय, भोपाल को पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर 2012 से 5 जनवरी 2013 तक बीस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 15, 16 दिसम्बर 2012 एवं 6 जनवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत अर्जित अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की पात्रता के तहत् ''त्रिवेन्द्रम (केरल)'' की अवकाश यात्रा की अनुमति प्रदान की जाती है :—

(1)	श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ	-	स्वयं
(2)	श्रीमती विनीता कुलश्रेष्ठ	-	पत्नी
(3)	कु. अयुषी कुलश्रेष्ठ	-	पुत्री
(4)	अमन कुलश्रेष्ठ	-	पुत्र
(5)	कु. अमिता कुलश्रेष्ठ	-	पुत्री

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 26 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-3-131-2012-बत्तीस.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 85(1) की शक्तियों का प्रयोग करते हुये मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 को विधि अनुसार पूर्व प्रकाशन उपरांत दिनांक 1 जून 2012 को मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित कर अंतिम रूप दिया गया है. इन नियमों के नियम 105 में प्रावधानित अनुसार मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 1984 को निरसित कर दिया गया है.

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 1984 को समय-समय पर अधिसूचना के द्वारा निवेश क्षेत्रों पर प्रभावशील किया गया था. पूर्व में जारी ऐसी समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुये, अब, मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 24(3) के प्रावधान अन्तर्गत अधिसूचित करते हुये निम्न 145 नगरों के आज दिनांक को प्रभावशील निवेश क्षेत्रों पर मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 लागू किया जाता है:—

चम्बल सम्भाग—

मुरैना, अम्बाह, सबलगढ़, जौरा, श्योपुरकला, भिण्ड, मेहगांव, गोहद, लहार, दतिया.

ग्वालियर सम्भाग—

ग्वालियर, डबरा, भांडेर, काउंटर-मेगनेट ग्वालियर वि.क्षे. गुना विजयपुर, राघौगढ़, अशोकनगर, मुंगावली, शिवपुरी, करेरा, नरवर.

उज्जैन सम्भाग—

उज्जैन, तराना, महिदपुर, खाचरौद, बड़नगर, नागदा, देवास, सोनकच्छ, शाजापुर, शुजालपुर, आगर, सुसनेर, नलखेड़ा, अकोदिया, नीमच, नयागांव, मनासा, कुकड़ेश्वर, गरोठ, जावद, मंदसौर, रतलाम, जावरा, आलोट, सैलाना.

इन्दौर सम्भाग—

इंदौर, महू, देपालपुर, सांवेर, धार, कुक्षी, सरदारपुर, मनावर, धामनौद, पीथमपुर, बदनावर, झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, नर्मदाघाटी (हरसूद), बुरहानपुर, नेपानगर, बड़वानी, सेंधवा, बड़वाहा, सनावद, खरगौन, भीकनगांव, राजपुर, खेतिया, अंजड़, कसरावद.

भोपाल सम्भाग—

भोपाल, बैरसिया, सीहोर, आष्टा, सलकनपुर, बुदनी, रायसेन, बरेली, औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, बेगमगंज, राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, विदिशा, सिरोंज, गंजबासौदा, कुरवाई.

नर्मदापुरम सम्भाग—

बैतूल, मुलताई, आमला, होशंगाबाद, सिवनी-मालवा, सोहागपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, टिमरनी.

सागर सम्भाग—

सागर, बीना, खुरई, देवरी, गढ़ाकोटा, दमोह, टीकमगढ़, बंडा, छतरपुर, नौगांव, पन्ना, बड़ामलेहरा.

जबलपुर सम्भाग—

जबलपुर, सीहोरा, नरसिंहपुर, गाडरवारा, करेली, गोटेगांव, मण्डला, नैनपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, पांढुरना, सिवनी, सौंसर, बालाघाट, वारासिवनी.

रीवा सम्भाग—

रीवा, गोविन्दगढ़, चाकघाट, सीधी, सिंगरौली, सतना, मैहर, रामपुर बाघेलान.

शहडोल सम्भाग—

शहडोल, उमरिया, ब्यौहारी, धनपुरी, डिंडौरी, तथा अनूपपुर.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 26 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1(ए) 6-99-2012-इक्सीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 अक्टूबर 2012 द्वारा स्थायी अधिवक्ता के पद पर नियुक्त श्री बी.एस. बांठिया, अधिवक्ता, द्वारा स्थायी अधिवक्ता के पद से प्रस्तुत त्याग-पत्र दिनांक 17 दिसम्बर 2012 को, आदेश जारी होने के दिनांक से एतद्द्वारा स्वीकृत करता है.

फा. क्र. 1(बी) 03-इक्कीस--ब(दो)-2012.—राज्य शासन, श्री बी.एस. बांठिया, स्थायी अधिवक्ता के त्याग-पत्र के फलस्वरूप उनको आवंटित समस्त कार्य श्री सौरभ मिश्रा, स्थायी अधिवक्ता, नई दिल्ली को एतद्द्वारा आवंटित करता है.

भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1-अ-3-03-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, महाधिवक्ता, कार्यालय जबलपुर, में कार्यरत श्री पुरुषेन्द्र कौरव, उप महाधिवक्ता, जबलपुर को अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष के लिये एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1(सी) 23-2008-इक्कीस-ब-(दो).—राज्य शासन लोकायुक्त संगठन के पत्र क्रमांक 10229, दिनांक 20 नवम्बर 2012 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ, जबलपुर में विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु श्री आदित्य अधिकारी, अधिवक्ता, जबलपुर को 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है.) के मासिक पारिश्रमिक में वृद्धि कर उसके स्थान पर 55,000/- (रुपये पचपन हजार) किया जाता है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह के बिल की राशि का भुगतान विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश करेगा.

उक्त आदेश 01 जनवरी, 2013 से लागू किया जाता है.

फा. क्र. 1(सी) 23-2008-इक्कीस-ब-(दो).—राज्य शासन लोकायुक्त संगठन के पत्र क्रमांक 10229, दिनांक 20 नवम्बर 2012 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन), भोपाल की ओर से पैरवी हेतु श्री जयसिंह डी. सूर्यवंशी, अधिवक्ता, ग्वालियर को 18,000/- (रुपये अठारह हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है.) के मासिक पारिश्रमिक में वृद्धि कर उसके स्थान पर 40,000/- (रुपये चालीस हजार) किया जाता है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह के बिल की राशि का भुगतान विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश करेगा.

उक्त आदेश 01 जनवरी, 2013 से लागू किया जाता है.

फा. क्र. 1(सी) 23-2008-इक्कीस-ब-(दो).—राज्य शासन लोकायुक्त संगठन के पत्र क्रमांक 10229, दिनांक 20 नवम्बर 2012 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर में विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन), भोपाल की ओर से पैरवी हेतु श्री अरविन्द गोखले, अधिवक्ता, ग्वालियर को 18,000/- (रुपये अठारह हजार) (जिससे संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है.) के मासिक पारिश्रमिक में वृद्धि कर उसके स्थान पर 40,000/- (रुपये चालीस हजार) किया जाता है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह के बिल की राशि का भुगतान विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल मध्यप्रदेश करेगा.

उक्त आदेश 01 जनवरी, 2013 से लागू किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2012

फा. क्र. 1(अ) 7 -2005-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, मध्यप्रदेश शासन की ओर से उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में पैरवी करने के लिये नियुक्त स्थाई अधिवक्तागण के रिटेनर फीस के साथ ही वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पैनल अधिवक्ताओं की फीस तथा विविध खर्च (Out of pocket expenses) में आदेश जारी होने के दिनांक से निम्नानुसार वृद्धि करता है:—

स्थाई अधिवक्तागण को देय फीस

क्र. (1)	विषय (2)	वर्तमान में देय फीस (3)	पुनरीक्षित देय फीस (4)
1.	स्थाई अधिवक्तागण को देय मासिक रिटेनर फीस	रु. 8,000/-	रु. 15,000/-
2.	प्रारंभिक सुनवाई के मामले में पैरवी हेतु उपसंजात होने पर.	रु. 450/- प्रति दिन जिसकी अधिकतम सीमा रु. 1,000/-	रु. 1,000/- प्रति प्रकरण प्रति दिन जिसकी अधिकतम सीमा रु. 2,500/-
3.	स्थापना व्यय जिसमें कार्यालय व्यय भी शामिल है.	रु. 2,500/-	रु. 5,000/-
4.	नियमित प्रकरणों में पैरवी हेतु उपसंजात होने पर.	रु. 450/-जिसकी अधिकतम सीमा रु. 1,000/-	रु. 1,000/- प्रति प्रकरण प्रति दिन जिसकी अधिकतम सीमा रु. 2,500/-
5.	न्यायालय के समक्ष सुनवाई हेतु नियत प्रकरणों की सूची हेतु वार्षिक व्यय.	कुछ नहीं.	रु. 10,000/- वार्षिक.

विविध व्यय (Out of pocket expenses)

क्र. (1)	विषय (2)	वर्तमान में देय राशि (3)	पुनरीक्षित देय राशि (4)
1.	फोटो कापी शुल्क प्रति पेज	रु. 1/- प्रति पेज	रु. 1.50/- प्रति पेज
2.	टाईपिंग शुल्क प्रति पेज	रु. 8/- प्रति पेज	रु. 15/- प्रति पेज (कम्प्यूटर टाईपिंग)
3.	अनुवाद हेतु शुल्क	रु. 30/- प्रति पेज	रु. 60/- प्रति पेज.

वरिष्ठ पैनल अधिवक्तागण को देय फीस

क्र. (1)	विषय (2)	वर्तमान में देय राशि (3)	पुनरीक्षित देय राशि (4)
1.	नियमित प्रकरण में पैरवी हेतु उपसंजात एवं तर्क प्रस्तुत करने के लिये	रु. 2,000/- (दो हजार) प्रति दिन प्रति प्रकरण किन्तु किसी भी संख्या में प्रकरणों में उपसंजात होने पर अधिकतम रु. 7,000/- (सात हजार) प्रति दिन.	रु. 5,000/- (पांच हजार) प्रतिदिन प्रति प्रकरण किन्तु किसी भी संख्या में प्रकरणों में उपसंजात होने पर अधिकतम रु. 15,000/- (पन्द्रह हजार) प्रतिदिन.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	प्रकरण अनुज्ञात करने के लिये.	रु. 1,500 (एक हजार पांच सौ) प्रति दिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 7,000/- (सात हजार).	रु. 3,000/- (तीन हजार) प्रतिदिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 15,000/- (पन्द्रह हजार)
3.	प्रारूपण के लिये.	रु. 1,500/- (एक हाजर पांच सौ) प्रति घंटा अथवा अधिकतम रु. 5,000/- (पांच हजार).	रु. 3,000/- (तीन हजार) प्रतिघंटा अथवा अधिकतम रु. 10,000 (दस हजार).
4.	विधिक परामर्श के लिये	रु. 500/- (पांच सौ) प्रतिघंटा अथवा अधिकतम रु. 3,000/- (तीन हजार). किन्तु एक ही तथ्य से उद्‌भूत अनेक याचिकाएं प्रस्तुत किये जाने पर फीस की राशि रु. 3.500/- (तीन हजार पांच सौ) से अधिक नहीं होगी.	रु. 1,000/- (एक हजार) प्रतिघंटा अथवा अथिकतम रु. 6,000/- (छः हजार) किन्तु एक ही तथ्य से उद्‌भूत अनेक याचिकाएं प्रस्तुत किये जाने पर फीस की राशि रु. 10,000/- (दस हजार) से अधिक नहीं होगी.

कनिष्ठ पैनल अधिवक्तागण को देय फीस

क्र. (1)	विषय (2)	वर्तमान में देय राशि (3)	पुनरीक्षित देय राशि (4)
1.	नियमित प्रकरण में पैरवी हेतु उपसंजात एवं तर्क प्रस्तुत करने के लिये.	रु. 1,000/- (एक हजार) प्रतिदिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकताम रु. 3,000/- (तीन हजार).	रु. 2,500/- (दो हजार पांच सौ) प्रतिदिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 7,500/- (सात हजार पांच सौ).
2.	नियमित सुनवाई के लिए प्रकरण अनुज्ञात करने के लिये.	रु. 750/- (सात सौ पचास) प्रति दिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकताम रु. 1,500/- (एक हजार पांच सौ).	रु. 1,500/- (एक हजार पांच सौ) प्रतिदिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 3,000/- (तीन हजार).
3.	प्रारूपण के लिये या एक ही तथ्य से उद्‌भूत अनेक प्रकरणों के लिये.	रु. 750/- (सात सौ पचास) प्रति दिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 1,500/- (एक हजार पांच सौ).	रु. 1,500/- (एक हजार पांच सौ) प्रतिदिन प्रति प्रकरण अथवा अधिकतम रु. 3,000/- (तीन हजार).

उक्त व्यय मांग संख्या-29 न्याय प्रशासन (2014) न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परामर्शदाता (3572) मुफस्सिल स्थापना एवं ग्राम न्यायालय-31-व्यवसायिक सेवाओं के लिये अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 608-630-ब-8-चार-12, दिनांक 26 मई 2012 द्वारा प्रदत्त की गई है. अतः इस आदेश को वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत महालेखाकार, ग्वालियर को पृष्ठांकित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

क्र. बी-4-4-2010-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत वारासिवनी, जिला बालाघाट में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान करता है. उक्त महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र वर्ष 2012-13 में प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

वर्ष 2012-13 में रुपये 2.00 करोड़ महाविद्यालय के संचालन, वेतन भत्ते एवं परिसंपत्तियां निर्मित किये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी. अधोसंरचना विकास के लिए आवश्यक धनराशि की 50 प्रतिशत राशि ही अनुसूचित जनजाति उपयोजना मद से व्यय की जाएगी एवं शेष आवश्यक राशि की व्यवस्था विभाग द्वारा मण्डी बोर्ड की अधोसंरचना विकास निधि से की जावेगी. कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अनुसंधान प्रक्षेत्र का व्यय मांग संख्या—41-2415 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा आदिवासी क्षेत्र उपयोजना मद के अंतर्गत विकलनीय होगी.

राज्य शासन द्वारा महाविद्यालय के लिए परिशिष्ट—1 एवं 2 अनुसार शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों को सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

संलग्नः—उपरोक्तानुसार

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

परिशिष्ट ''एक''

(1) कृषि महाविद्यालय, वारासिवनी (बालाघाट) के लिये प्रशासकीय पद—01 अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय वेतनमान रु. 37400—67000+10000

(2) कृषि महाविद्यालय, वारासिवनी (बालाघाट) के लिये शैक्षणिक पदः—

क्रमांक	विभाग	सह प्राध्यापक वेतनमान रु. 37400—67000+ 8000	सहायक प्राध्यापक वेतनमान रु. 15600—39100+6000
(1)	(2)	(3)	(4)
1	शस्य विज्ञान	01	03
2	जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग	01	03
3	मृदाविज्ञान	01	03
4	कीटशास्त्र	01	02
5	कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंध	01	02
6	कृषि अभियांत्रिकी (फार्म मशीनरी/मृदा जल यांत्रिकी)	01	02
7	पादप रोग (प्लांट पैथोलाजी)	01	03
8	उद्यानिकी	01	03
9	कृषि विस्तार शिक्षा	01	03
10	बाटनी एवं क्रापफिजियोलाजी	01	02
11	पशुपालन (पशु उत्पादन एवं प्रबंधन)	00	02

(1)	(2)	(3)	(4)	
12	गणित एवं सांख्यिकी	01	02	
13	कम्प्यूटर साइंस	00	02	
14	अंग्रेजी	00	01	
15	क्रीडा अधिकारी (स्पोटर्स आफीसर)	00	01	
16	सहायक ग्रंथपाल	00	02	
17	कृषि वानिकी	00	02	
18	बायोटेक्नोलाजी	00	02	
19	फार्म मैनेजर	00	02	(वेतनमान रु. 9300—34800+3200)
	कुल पद . .	11	42	(11+ 42=53)

परिशिष्ट ''दो''

कृषि महाविद्यालय वारासिवनी (बालाघाट) के लिये गैर शैक्षणिक पद

क्र. (1)	पदनाम (2)	वेतनमान (3)	संख्या (4)
1	शीघ्रलेखक/निजी सहायक	5200—20220+2800	01
2	सहायक ग्रेड-1	5200—20220+2800	01
3	सहायक ग्रेड-2	5200—20220+2400	01
4	सहायक ग्रेड-3	5200—20220+1900	06
5	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	5200—20220+2800	01
6	सब इंजीनियर	9300—34800+3200	01
7	कार्यालय परिचारक	5200—20220+1800	05
8	पुस्तकालय सहायक/(सहायक ग्रेड-2)	5200—20220+2400	01
9	प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी	5200—20220+2400	03
10	प्रयोगशाला तकनीशियन*	5200—20220+2400	03
11	प्रयोगशाला परिचारक*	5200—20220+1800	03
12	इलेक्ट्रीशियन	5200—20220+2100	01
13	वाहन चालक*	5200—20220+1900	02
14	कम्पाउंडर	5200—20220+1900	01
15	नर्स	5200—20220+1900	01
16	माली**	4440—7440+1300	02
17	भृत्य**	4440—7440+1300	02
18	चौकीदार**	4440—7440+1300	02
19	सफाईकर्मी***	4440—7440+1300	02
		कुल पद ..	39

*उक्त पद संविदा आधार पर भरे जायें.

**उक्त पद कलेक्टर रेट पर भरे जायें.

***उक्त पद म. प्र. शासन, वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र में निहित मापदण्डों के अनुरूप भरे जायें.

नोट.—उपरोक्तानुसार स्वीकृत समस्त सृजित पदों को दो वर्षो में भरा जाये.

कृषि महाविद्यालय, वारासिवनी बालाघाट हेतु कुल पद :	अधिष्ठाता	01
	शैक्षणिक	53
	गैर शैक्षणिक	39
	कुल पद संख्या . .	93

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 3-16-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-16-2011-बत्तीस, दिनांक 7 मार्च 2011 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित झाबुआ विकास योजना 2011 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	सर्वे क्रमांक	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भूमि उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम हूडा	सर्वे क्रमांक 27	0.624 हेक्टे.	क्षेत्रीय उद्यान	शैक्षणिक अंतर्गत महाविद्यालय शर्त- तालाब से लगे हिस्से को खुला एवं वृक्षारोपण के अंतर्गत रखा जावे.
	ग्राम झाबुआ	सर्वे क्रमांक 208	4.201 हेक्टे. भूमि में से 2.50 हेक्टे.		
		कुल योग . .	3.124 हेक्टेयर		

2. उपरोक्त उपांतरण झाबुआ विकास योजना—2011 का एकीकृत भाग होगा.

भोपाल, दिनांक 28 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 3-78-2010-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-78-2010-बत्तीस, दिनांक 19 मई 2010 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित भोपाल विकास योजना 2005 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	सर्वे क्रमांक	क्षेत्रफल (एकड़ में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भूमि उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम भौरी	280, 281	29.00 एकड़	यातायात एवं नगर वन (वृक्षारोपण)	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक के अंतर्गत शैक्षणिक.
		कुल योग . .	29.00 एकड़		

2. उपरोक्त उपांतरण भोपाल विकास योजना—2005 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, श्रम पदाधिकारी श्रम उपसंभाग अनूपपुर, जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश

अनूपपुर, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

क्रमांक/नवम/श्र.उ.सं.अ.-2012-873.—मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13 की उपधारा (3-क) द्वारा प्रदत्य शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा राज्य शासन अधिसूचना क्रमांक एफ. 14-(ई) 6-98-ए-16, दिनांक 11 जनवरी 2008 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 25 नवम्बर 2008 के अंतर्गत प्राधिकृत मैं, श्रीमती संध्या सिंह, श्रम पदाधिकारी, अनूपपुर अपने कार्य क्षेत्र में धारा 13 की उपधारा (3-क) के अंतर्गत निम्नानुसार स्तम्भ (1) में उल्लेखित स्थानीय क्षेत्र के लिये स्तम्भ (2) में उल्लेखित साप्ताहिक अवकाश घोषित करती हूं. जोकि अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावशील होगी.

क्रमांक	स्तम्भ—1	स्तम्भ—2
(1)	(2)	(3)
	स्थानीय क्षेत्र/नगर का नाम	सप्ताहिक अवकाश दिन धारा 13(1)
1	जैतहरी	शनिवार
2	अनूपपुर, (रेल्वे फाटक से दक्षिण छोर का संपूर्ण क्षेत्र)	रविवार

